दैनिक
RNI No. MPHIN/2018/77427
सच कहने का साहस
# चम्बल नवराष्ट्र
CHAMBAL NAVRASHTRA
web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028
वर्ष -6 अंक-223 भोपाल, बुधवार 24 जुलाई 2024 पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

# न्यू रिजीम में 7.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री




## एनडीए के सहयोगी नीतीश को 59 हजार करोड़, नायडू को 15 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लगातार सातवीं बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाया। 1 घंटे 23 मिनट के भाषण में उनका फोकस शिक्षा, रोजगार, किसान, महिला और युवाओं पर रहा। इसके अलावा नीतीश कुमार के बिहार और चंद्रबाबू नायडू के आंध्र प्रदेश पर केंद्र सरकार मेहरबान रही।

बजट में नई टैक्स रिजीम चुनने वालों के लिए अब 7.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री हो गई है। यानी उन्हें 17.5 हजार रुपए का फायदा हुआ है। पहली नौकरी वाले जिनकी सैलरी 1 लाख रुपए से कम होगी, उन्हें सरकार अधिकतम 15 हजार रुपए तीन किश्तों में देगी। मोदी सरकार 3.0 बिहार के सीएम नीतीश कुमार की JDU और आंध्र प्रदेश के CM चंद्रबाबू नायडू की TDP के भरोसे केंद्र में सत्ता चला रही है। वित्त मंत्री ने बिहार में इंफ्रा और अन्य प्रोजेक्ट्स के लिए 58 हजार 900 करोड़ रुपए और आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए 15 हजार करोड़ रुपए की घोषणा की।



### बजट में जम्मू-कश्मीर को 42 हजार 277 करोड़ मिले

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पेश किया। इसमें जम्मू-कश्मीर को 42 हजार 277 करोड़ रुपए दिए गए। यह पिछले फाइनेंशियल ईयर में केंद्र शासित प्रदेश को दिए गए 41 हजार 751 करोड़ रुपए से 1.2त्न की मामूली बढ़ोतरी है। हालांकि इस बार जम्मू-कश्मीर पुलिस को 9 हजार 789 करोड़ रुपए का अतिरिक्त फंड भी दिया गया है। अब, राज्य का बजट संसद में पेश होना बाकी है, जो संभवत- संसद में पेश होने वाला जम्मू कश्मीर का आखिरी स्टेट बजट होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि सुप्रीम कोर्ट सितंबर 2024 से पहले राज्य में विधानसभा चुनाव करवाने का आदेश दे चुका है।

### पीएम बोले- यह बजट मिडिल क्लास को ताकत देगा



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश कर दिया। ये उनका लगातार सातवां बजट था। बजट के साथ ही देश भर में इसे लेकर रिएक्शन भी आने लगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बजट समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। बीते 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से निकले हैं। नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है।

### न्यू टैक्स रिजीम में राहत




टैक्स रिजीम के तहत अब 3 लाख से 7 लाख रुपए की आय पर 5प्रतिशत के हिसाब से टैक्स देना होगा। पहले ये 6 लाख तक था। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। हालांकि, पुराने टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### बजट में क्या सस्ता क्या महंगा हुआ



कैंसर दवा, सोना-चांदी, प्लेटिनम, मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, बिजली के तार, एक्सरे मशीन, सोलर सेट्स, लेदर और सीफूडस सस्ते हुए हैं। मोबाइल और चार्जर पर कस्टम ड्यूटी घटकर 15प्रतिशत हुई। सोना और चांदी के गहनों पर कस्टम्स ड्यूटी घटकर 6प्रतिशत हुई। टेलिकॉम के सामान 15त्नऔर प्लास्टिक प्रोडक्ट 25प्रतिशत महंगे हो गए हैं।

### महिलाओं और लड़कियों के लिए



महिलाओं और लड़कियों के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान।

### सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए



सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट तक हर महीने बिजली फ्री।

### ममता बोलीं- बजट राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि ये बजट दिशाहीन, लोगों के खिलाफ है। इसमें कोई विजन नहीं, बल्कि पॉलिटिकल मिशन है। बजट में मुझे इसमें कोई रोशनी दिखाई नहीं देती, इसमें सिर्फ अंधेरा है। उन्होंने चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए थे। वोट लेने के बाद वे दार्जिलिंग और कलिंम्पोंग को भूल गए। दार्जिलिंग में रहने वाले लोगों को ये याद रखना चाहिए। बजट में गरीबों, आम लोगों के लिए कुछ नहीं है। बजट सिर्फ एक पार्टी को खुश करने के लिए बनाया गया है। यह पूरा राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित है।

### बिहारः इन्फ्रास्ट्रक्चर और योजनाओं के लिए 58,900 करोड़ रुपए

बजट में बिहार के लिए 58,900 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। राज्य की कई सड़क परियोजनाओं के लिए 26,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। पटना-पूर्णिया, बक्सर-भागलपुर को जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे और बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा को जोड़ने वाले एक्सप्रेस-वे बनाने की घोषणा की गई। बिहार के पीरपैंती में 21,400 करोड़ रुपए की लागत से 2400 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट लगाया जाएगा। बाढ़ से निपटने और राहत के लिए 11,500 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

### एग्रीकल्चर के लिए 1.52 लाख करोड़, MSP पर कोई ऐलान नहीं




सरकार ने एग्रीकल्चर और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए दिए। पिछले साल 1.25 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। यानी इस बार किसानों के लिए बजट 21.6 प्रतिशत यानी 25 हजार करोड़ रुपए बढ़ाया गया। 6 करोड़ किसानों की जानकारी के लिए लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी। 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। हालांकि, बजट में किसानों की सबसे बड़ी मांग MSP को लेकर कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई।

विदिशा जिले की सिरोंज नगरपालिका का मामला


# पीएम आवास घोटालाः रसूखदारों ने गरीब बनकर हथिया लिए प्रधानमंत्री आवास

## संपत्ति छुपाने के लिए शपथ पत्र में दे दी असत्य जानकारी, शिकायतकर्ता ने एसडीएम को दिया आवेदन

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** विदिशा जिले की सिरोंज तहसील में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटन में नगरपालिका द्वारा बड़ी लापरवाही की गई है। नगर में पीएम आवास का लाभ लेने के लिए कई हितग्राहियों ने अपने शपथ पत्र में असत्य जानकारी दी है। इन हितग्राहियों में शहर के कई रसूखदार भी शामिल हैं। दरअसल लाभार्थियों ने शपथ पत्र में आवास न होने का झूठा शपथ पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास आवंटित करा लिया है। शहर के एक नागरिक ने इस मामले की शिकायत सिरोंज एसडीएम से की है। उक्त मामले की शिकायत होने पर




नगरपालिका अधिकारियों के हाथ पांव फूलते हुए दिखाई दे रहे हैं। आखिर नगरपालिका के अधिकारियों ने अपने सत्यापन में अपात्रों को किस आधार पर पीएम आवास आवंटित कर दिया। इस मामले में अब नगरपालिका बैक फुट पर आती हुई दिखाई दे रही है। नपा के जिम्मेदारों ने निष्पक्ष जांच का हवाला देते हुए कहा है कि पीएम आवास योजना का लाभ लेने के लिए




जिन्होंने भी झूठे शपथ पत्र लगाए हैं उनके खिलाफ केस दर्ज कराएंगे। मामले की शिकायत होने की भनक लगते ही झूठा शपथ पत्र देने वालों में खलबली मच गई है।

### उच्चस्तरीय जांच में खुलेगी अपात्रों की पोल-

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले ऐसे सभी गरीबों को आवास देने के निर्देश दिए है जिनके पास पक्के मकान नहीं है। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को आवास के लिए तीन किश्तों में ढाई लाख रुपये दिया जाता है। लाभार्थी को प्रथम किश्त के रूप में 50 हजार, द्वितीय किश्त 1 लाख 50 हजार और तृतीय किश्त के रूप में 50 हजार रुपये मिलता है।

सूत्रों की मानें तो शहर के कई ऐसे रसूखदारों ने अपनी संपत्ति छुपाने के उद्देश्य से शपथ पत्र में असत्य जानकारी देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लिया है। इन रसूखदारों के पास न सिर्फ पहले से पक्के मकान हैं बल्कि जमीन जायदाद और चार पहिया वाहन भी हैं। अच्छी खासी संपत्ति होने के बाद भी यह लोग नगरपालिका अधिकारियों से सेटिंग करके पात्रता सूची में आ जाते हैं। यदि नगरीय विकास मंत्रालय द्वारा इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कराई जाती है तो सिरोंज में पीएम आवास घोटाले में कई चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

# श्योपुर जिले की ग्राम पंचायत पांडोला में मनरेगा में हो रहा है भ्रष्टाचार

## सरपंच सचिव व रोजगार सहायक की मिलीभगत से निकल रहे है लाखो रुपये, कल लगी 50 मजदूरों की हाजरी , मोके पर एक भी मजदूर नही कर रहा है काम

### जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे किया जा रहा है भ्रष्टाचार

जगदीश प्रजापति






**श्योपुर ( चम्बल नवराष्ट )।** सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जिरोटालरेंस की निति पर काम करने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ श्योपुर जिले में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कर मजदूरों को दूसरे प्रदेश में पलायन से रोकने के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना जिम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है. ग्राम पंचायत सरपंच , सचिव,रोजगार सहायक जिनके द्वारा इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है.

ग्राम पंचायत पांडोला में मनरेगा योजना में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार

श्योपुर जिले की ग्राम पंचायत पांडोला में मनरेगा योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है. जब इसकी जमीन स्तर पर दैनिक चम्बल नवराष्ट्र प्रतिनिधि ने जब ग्राउंड जीरो पर जाकर इस मामले की पड़ताल की तो मौके पर एक भी मजदूर काम करते नहीं मिला जबकि ग्राम पंचायत द्वारा उस दिन 50 मजदूरों की हाजरी लगी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम पंचायत के नुमाइंदे मजदूरों को चंद रुपयों का लोभ देकर शासन के लाखों रुपए डकार रहे हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि मनरेगा सहित जनपद पंचायत और जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस मामले की भनक तक नहीं है।

सीसी को बने हुए दिन हो गये पर आज भी मनरेगा में मजदूरों की हाजरी लगाकर लाखो रुपये निकाल रहे है सरपँच सचिव और रोजगार सहायकऑनलाइन फोटो में भी नही करता दिख रहा है एक भी मजदूर काम सबसे बड़ी बात तो यह है कि जिस जगह पर मजदूर काम करते है उस जगह का फोटो नरेगा पोर्टल पर अपलोड करना होता है पर उस फोटो में मजदूर न होते हुये भी अपलोड कर देते है फ़ोटो अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम पंचायत पांडोला में मनरेगा में कितना बड़ा भरस्टाचार है

**मनरेगा योजना में हो रहे भ्रष्टाचार का जिम्मेदार कौन**-इसमें सबसे बड़ा जिम्मेदार ग्राम पंचायत में नियुक्त इंजीनियर हैं जो पहले ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित कार्य पर स्टीमेट बनाता हैं उसके बाद रोजगार सहायक की जिम्मेदारी होती हैं वह स्टीमेट बने कार्य को साइड पर कार्य कराकर हाजिरी लगाने की है उसमें रोजगार सहायक द्वारा कागजों में प्रस्तावित कार्य पर बिना कार्य कराए फर्जी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाना शुरू करता है जो कभी भी मनरेगा योजना से हो रहें साइड पर कार्य करने नहीं जाते केवल वह कागज़ी आंकड़ों में मजदूरी करते साइड पर कभी कबार दस से बीस मजदूर मिल जायेंगे जो वह भी सचिव सरपँच बुलाकर लाये उन्ही का फोटो भी हर साइडों पर अपलोड रहता जबकि कुछ ग्राम पंचायतों में रोजाना साइडों हर दिन 70 से लेकर 85-90 मजदूरों की हाजिरी लगती है, लेकिन अपलोड फोटो में केवल उस साइड पर पांच से सात मजदूरों का फोटो अपलोड रहता वही जब काम कम्पलीट हो जाता तो फर्जी लगे हाजिरी के मुताबिक पंचायत में नियुक्त इंजीनियर द्वारा बिना साइड पर गए आफिस में बैठें बैठें एम भी कर भुगतान के लिए पंचायत सचिव के टेबल से फाइल होते हुए बी डी ओ आफिस तक पहुंचती हैं और उस फ़ाइल का भुगतान हो जाता हैं इस तरह सरकारी धन का बंदरबाट मनरेगा योजना में जमकर हो रहा है

**नरेगा पोर्टल से खुल रही है हर ग्राम पंचायत की पोल**-अगर उच्च अधिकारी किसी भी मनरेगा योजना से हुए पेमेंट का स्थलीय निरीक्षण कर जांच कर लें तो मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार की पोल खुल जायेगी मिट्टी कार्य में स्टीमेट के अनुसार कितने फिट मिट्टी की नाली खुदाई हुई हैं. मेजरमेंट कर दिया जाए तो उनके कारनामे सामने आ जाएंगे लेकिन उच्च अधिकारी भी मौन साधे हुए हैं, जिनके जिम्मे सरकार के योजनाओं को जमीनी धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी है. अब देखना यह है की मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार कब तक रूकता हैं या इसी तरह भ्रष्टाचार बेलगाम व सरकारी खजाने को खाली करता रहता है कुछ ग्राम पंचायत में तो जेसीबी मशीन से भी कार्य हो जाते है और उनका भी फर्जी मस्टरोल भरकर सारे पैसे निकाल लिये जाते है।

# बारिश बनी लोगों के लिए मुशीवत, कदवई का सहराना गाँव में घरों में भरा पानी

## विजयपुर के अगरा व इकलोद पुल डूबे 5 घंटे बाधित रहा मार्ग





दिलीप कुशवाह

**विजयपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** वर्ष 2022 का वह मंजर विजयपुर शहर भूला नही है लेकिन एक बार फिर विजयपुर की जीवनदायिनी क्वारी नदी अपने रौद्र रूप मे मंगलवार की शाम को देखने मिली है विजयपुर शहर सहित कुछ इलाकों में बारिश न होने से समस्याओं का सामना लोगों को उमश भरी गर्मी में करना पड़ रहा है वही एक ओर बारिश ग्रामीणों के लिए मुशिवत बन गई है बारिश का पानी घरों में भर गया है जिससे उनके खाने पीने का सामान पानी में बह गया । यह मंजर विजयपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कदवई का सहराना बस्ती मे देखा गया है विजयपुर के आगरा क्षेत्र अंतर्गत उमरी, धोरेरा, मगरदा, कदवई का सहराना सहित जंगल के इलाकों में बसे गांव में भारी बारिश मंगलवार को देखने को मिली जिस कारण मगरदा में रोड भी पानी की जद मे आ गया जिससे शिक्षक भी फस गए और स्कूल बंद रहे कदवई आदिवासी बस्ती में घरों में पानी भरने से लोगों को काफी समस्याओं का सामना भी करना पड़ा है।

# बिजली समस्या को लेकर किसानों ने बिजली दफ्तर का घेराव किया

## पूरे जिले में बिजली की समस्या से जूझ रहे है किसान

जगदीश प्रजापति



**श्योपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** बड़ौदा क्षेत्र के कलोनी, महाराजपुर गांव के किसानों ने बिजली समस्या को लेकर मंगलवार को बिजली कंपनी के महाप्रबंधक के दफ्तर का घेराव करके बिजली समस्या के समाधान करने की मांग की । इस दौरान किसानों ने बिजली कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया । किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने जानकारी देते हुए बताया कि कलोनी, महाराजपुर गांव के किसानों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है ।रतोधन फीटर पर 5 एम.व्ही का पीटीआर लगाया जाए जिससे बिजली के लोड की समस्या समाप्त हो सके । 33 केवी की बिजली लाइन के तार जर्जर है इसलिए जर्जर बिजली लाइन को दुरुस्त किया जाए । किसानों को 10 घंटे बिजली जाए दी जाए । वर्तमान में जर्जर विद्युत लाइन व कम क्षमता के पीटीआर के कारण कलोनी, महाराजपुर गांव के किसानों कहीं दिनों से बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा हैं । जिसके कारण किसानों को धान की फसल लगाने एवं सिंचाई करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है । इस मोके पर बिजली कंपनी के महाप्रबंधक आरके सक्सेना एवं उप माहाप्रबंधक कमलकांत ने किसानों को आश्वस्त करते हुए सीघ्र ही बिजली समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला, जसवंत सिंह बछेरी, राहुल सिरसोद, छात्र नेता अभिषेक मीणा कलोनी, भागचंद मीणा, सुग्रीव मीणा, शंकरलाल मीणा, काडू महाराजपुरा, विष्णु महाराजपुरा, रामअवतार कलोनी, सीताराम कलोनी, रघुवीर मीणा आदि किसान उपस्थित रहे।

# नल जल योजना का अभी तक नहीं पहुंचा घरों में पानी

## कुछ जगह पर तो बाहर ही बिछी है पाइप लाइन

### ग्रामीण आस लगाए बैठे है कि कब मिलेगा आरओ का पानी

जगदीश प्रजापति





**श्योपुर ( चम्बल नवराष्ट )** ।शासन ने पीएचई विभाग के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में पेयजल आपूर्ति के लिए हैंडपंपों के अलावा नल-जल योजना के घर घर पानी देने की व्यवस्था की थी लेकिन यह योजना सालों बीतने के बाद भी योजना का लाभ धरातल पर ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।परिणाम यह है कि करोड़ों रुपए खर्च कर गांवों में टंकी निर्माण, पाइप लाइन बिछाना, घर-घर नल कनेक्शन देना आदि का निर्माण करने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नही मिला हैं। विभागीय अफसरों की लापरवाही से अभी तक कुछ घरो में पहुंच कर रह गया पानी पर अन्य घरो में कब पहुँचेगा पानी इसका किसी के पास कोई जवाब नहीं है क्या ये टँकी भी पहले की तरह फेल हो जाएगी या पूरे ग्रामवासियों के घरों में पहुँचेगा पानी ये तय आने वाला समय ही बतायेगा इस गांव की आबादी करीब दो हजार है, लेकिन गांव में पीने के पानी की व्यवस्था केवल कुछ घरों में लगी सिंगल फीस की मोटर है जो कि लाइट जाने के बाद कोई ऐसा सादन नहीं है। जिससे ग्रामीण पानी पी सके लाइट चली जाए तो ऐसा इंतजार करना पड़ता है जैसे नये दुले को दुल्हन का इंतजार रहता है गांव में लगे करीब 8 हैंडपंप भी ग्रामीणों की प्यास बुझाने में असमर्थ है। क्योंकि उनमें भी सिंगल फीस की मोटर डाल रखी है लगातार जल स्तर कम होने के कारण कई सिंगल फीस की मोटर भी साथ छोड़ देती हैं। लेकिन विभागीय अफसरों और पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने पानी के लिए कोई प्रयास नहीं किए है जिसके चलते ग्रामीणजन परेशान होने पर मजबूर हो जाते है। इस गांव में नल-जल योजना भी दो बार स्वीकृत है। पहले बनी उसका तो कोई अता पता नही केवल टँकी बनी हुई है जो आज केवल स्यो फीस है ओर अब टँकी बने 1 साल से ऊपर हो गया पर आज तक घरों में पानी की बूंद तक नही पहुँची ग्रामीणों का कहना है कि कनेक्शन के लिए आधार कार्ड की कॉपी और कुछ पैसे लिए किसी से 50रु तो किसी से 100रु ग्रामीणों का यहाँ तक आरोप है कि पानी भी मिलेगा या हमारे पैसे लेकर भाग गए

### नहीं बनी कार्ययोजना

गांवों में बंद पड़ी नल-जल योजना और पानी की व्यवस्था को लेकर कोई कार्ययोजना अधिकारियों ने अभी तक नहीं बनाई है। न ही गांव में बिछी नल-जल योजना की जानकारी है। जिससे गांव में सब कुछ भगवान भरोसे ही संचालित किया जा रहा है। ग्रामीण कई बार अधिकारियों से ओर नेताओ से मौखिक बोलकर कह दिया कि पानी कब तक मिलेगा पर अधिकारी और नेता नल-जल योजना चालू करवाने की बात कह चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई प्रयास अधिकारियों ने नहीं किए है

### बहुत सी जगह पर तो बाहर ही पड़ी है पाइप लाइन

आपको बता दे कि बहुत सी जगह पर तो अंदर तक नही गाढ़ी पाइप लाइन तो कभी भी कोई काट दे या कोई भी तोड़ दे तो कैसे चलेगी ये सवाल ये है कि जब बार ही बिछानी थी तो फिर लोहे की बिछा देते ये प्लास्टिक की कैसे चल पाएगी

### इनका कहना है.....

करोडो रुपये की नल जल योजन पूरी तरह फेल है अभी तक तो पानी की एक बूंद तक नही आई हमारी तरफ तो

**दौलतराम धाकड़**
**पूर्व जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनतापार्टी**

शासन ने करोडो रुपये खर्च किये पर ठेकेदार की लाफ़रवाई से अभी तक कुछ घरो में ही पानी पहुँचा है

**मुरारी लाल बैरवा**
**सरपँच ग्राम पंचायत अलापुरा**

पहले की टँकी बनी थी उसका भी पानी नही मिला और ये नही बनी उसका भी पानी नही मिला जबकि बने हुये 1 साल से ऊपर हो गया पर आजतक तो कुछ ही घरो में पानी आया है वह भी इतना सा पानी आता है कि 10 मिनट में 1 कैटरी बर पाती है

**महावीर रोधिया**
**ग्रामीण**

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, बुधवार 24 जुलाई 2024



# ग्वालियर की तरक्की और विकास के लिये सभी का सहयोग जरूरी: कलेक्टर

**ग्वालियर ।** ग्वालियर कलेक्टर रूचिका चौहान ने कहा है कि ग्वालियर की तरक्की और विकास के लिये सभी का सहयोग आवश्यक है। पर्यटन को बढाने के लिये बोलचाल एवं पर्यटक से किया जाने वाला व्यवहार महत्वपूर्ण है। ट्रान्सपोर्ट नगर के लिये नगर निगम एवं स्मार्टसिटी के सहयोग से समस्याओं का निदान किया जायेगा। शहर की पांच संस्थाओं को गोद लिया जायेगा ताकि वह वृक्षारोपण कर सके। यह बात उन्होंने उद्योगपतियों एवं व्यापारियों से चर्चा करते हुये कही। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा चाय पर चर्चा कार्यक्रम में बोलते हुये कलेक्टर रूचिका चौहान ने कहा कि




व्यापारियों को यदि स्टाफ की जरूरत है तो हम जरूरतमंद और आदिवासी क्षेत्र के लोगों को रोजगार दिला सकते हैं इसके लिये ग्वालियर में महिला औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिये चार्टड एकाउन्टेंट मिल र कार्य करें हम इस प्रोजेक्ट में पूर्ण सहयोग करेंगे। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कैट कार्यालय आगमन पर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया और उद्योगपति एवं व्यापारियों की समस्याओं को उनके सामने रखा। बैठक में कविता जैन, रीनागांधी, राखी गुप्ता, निधि अग्रवाल, सावित्री श्रीवास्तव आदि ने अपने सुझाव दिये। कैट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सब्जी मण्डी की समस्या का हल निकालने की मांग की कि सब्जी मण्डी को पूर्ण रूप से चालू कराया जाय। इस अवसर पर आकाश जैन, अशोक गोयल, रवि गुप्ता, जे.सी. गोयल, चन्दन अग्रवाल, राजेन्द्र मलहोत्रा, ललित नागपाल, महिमा तारे, सीमा भदौरिया दिलीप पंजवानी, विवेक जैन, ने दाल बाजार के विषय पर बात की। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष दीपक पमनानी द्वारा किया गया जब कि आभार प्रदर्शन संभागीय महामंत्री मुकेश जैन ने किया। इस अवसर पर सर्वश्री सौरभ खण्डेलवाल, हरिओम चौरसिया, राहुल अग्रवाल, अशोक कुमार मित्तल, नविता रावल,जयहिन्द परिहार, सुमितजैन, बबिता श्रीवास्तव, अनिल कान्त, सुकन्या सारमेल, बबलू गुप्ता, गजेन्द्र सिंह कुशवाह, जय किशोर, आकाश श्रीवास्तव, राजन अग्रवाल, अजीत कुमार जैन, प्रतीक अग्रवाल, उदित चतुर्वेदी, अजय मंगल,सौरभ जैन,नितिन गोयल, नागदेव, नरेन्द्र रोहिरा, मुकेश अग्रवाल,घुव बघेल, रवि कुमार गर्ग, नीरज चौरसिया, विनीत सेठ, दीपक कुमार, सरमनसिंह कुशवाह, कमल किशोर अग्रवाल, अजय चौपडा, अबधेश सिंह, राहुल सिंह कुशवाह,सीए अमितजैन, पवन भदौरिया आदि उपस्थित थे।

## तिलक और आजाद को कांग्रेस ने किया नमन

**ग्वालियर।** स्वतंत्रता संग्राम सैनानी लोकमान्य बाल गंगाधर राव तिलक की 167वीं जयंती के अवसर पर चिड़ियाघर के सामने स्थित प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद जी की 117वीं जयंती के अवसर पर मुरार बारादरी स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष अमर सिंह माहौर, वीर सिंह तोमर, चतुर्भुज धनोलिया, जेएच जाफरी, राजेन्द्र सिंह नाती, अवधेश कौरव, सरमन सिंह राय, अशोक प्रेमी, रामनरेश परमार, बैताल सिंह गुर्जर, तरुण सिंह कुशवाह, अनिल शर्मा, संजीव दीक्षित, अंकित कटठल, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, अनूप शिवहरे, महादेव अपोरिया, अब्दुल हमीद पप्पू, उपेन्द्र सिंह राजपूत, धर्मेंद्र शर्मा धीरू, भूपेन्द्र तौमर, राकेश बाथम, राजू यादव, डॉ. अनुज शर्मा, रामसेवक माथुर, अताउल्ला खां, राजेश सिंह कुशवाह सहित अनेक काँग्रेसजन उपस्थित थे।

## सीवर चेम्बर निर्माण के चलते विद्युत वितरण कंपनी से मांगा 4 घंटे का शटडाउन

**ग्वालियर।** वार्ड 49 तारागंज पुलिस चौकी के पास सीवर चेम्बर निर्माण कार्य को लेकर म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. से दिनांक 24 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन मांगा गया है। सहायक यंत्री जल प्रदाय संधारण उपखंड लश्कर पश्चिम क्षेत्र क्रमांक 1 श्री केसी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 49 तारागंज पुलिस चौकी के पास सीवर चेम्बर निर्माण कार्य को लेकर म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. से दिनांक 24 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन मांगा गया है। जिस कारण उक्त क्षेत्र में 4 घंटे विद्युत प्रभाह अवरोध रहेगा। इस दौरान सीवर चेम्बर बनाया जाएगा।

## ब्लैक स्पॉट रायरू व बरौआ पहुँच मार्गों पर दुर्घटनायें रोकने के लिये बनाए गए स्पीड ब्रेकर







**ग्वालियर।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट को दुर्घटना फ्री बनाने का काम प्रमुखता से किया जा रहा है। इस कड़ी में रायरू एवं बरौआ पहुँच मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। स्पीड ब्रेकर बनने से यहां से गुजरने वाले वाहनों की गति कम होगी, जाहिर है दुर्घटनायें भी रूकेंगीं। ज्ञात हो गत 16 जुलाई को सांसद भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रायरू और बरौआ पहुँच मार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया था। सांसद ने यहां पर दुर्घटनायें रोकने के लिये ठोस कार्रवाई करने को कहा था। इस पालन में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री ओमहरि शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात अजीत सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। साथ ही वहां पर तकनीकयुक्त स्पीड ब्रेकर बनवाने की कार्रवाई को अंजाम दिलाया।



## अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश

**ग्वालियर।** आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री मुनीश सिंह सिकरवार ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान उपायुक्त श्री अनिल दुबे, श्री प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 37 संजय नगर शासकीय स्कूल के पास लश्कर निवासी श्रीमती कविता जाटव ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके मकान की बुनियाद पर पडोसी द्वारा अवैध रूप से बाउंड्री वॉल बनाई जा रही है। बाउंड्री वॉल को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 2 झाडू वाला मोहल्ला निवासी श्रीमती अनीता शिवहरे ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 60 जाटव मोहल्ला हुरावली के समस्त निवासी गणों ने भैंस डेयरी द्वारा खुले प्लॉट पर डाले जा रहे गोबर को हटाये जाने के संबंध में अपना आवेदन अपर आयुक्त को दिया। अपर आयुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित 32 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त ने दिए।

## भैंस डेयरी संचालकों द्वारा गोबर नालियों में बहाने पर 28 हजार रुपये से अधिक का वसूला जुर्माना

**ग्वालियर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं आदतन कचरा फैलाने व डस्टबिन का उपयोग न करने वालों एवं गोबर नालियों में बहाने वालों के खिलाफ नगर निगम ग्वालियर द्वारा निरंतर अभियान चलाकर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों एवं गोबर नालियों में बहाने पर जुर्माने की कार्यवाही की



गई। जिसमें ग्वालियर पूर्व विधानसभा के अंतर्गत गोवर्धन कॉलोनी पिंटू पार्क सैनिक कॉलोनी एवं प्रगति विहार कॉलोनी भैंस डेयरी संचालकों एवं गंदगी फैलाने वालों पर 16000 रूपये के जुर्माने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री गौरव सेन, जेडएचओ, डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे। ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय सिंह ठाकुर के निर्देशन में तानसेन नगर, गुदड़ी मोहल्ला, कोटा वाला मोहल्ला इत्यादि स्थानों पर गोबर नाली में बहाने पर भैस डेयरीयों पर 12000 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री शरण कुमार, जेडएचओ श्री रवि करोसिया, डब्ल्यूएचओ श्री जीवन यादव, श्री प्रमोद करोसिया, श्री भोला गौहर, श्री भागीरथ उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 220 आवेदकों की हुई सुनवाई

ग्वालियर। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में इस बार 220 आवेदकों की सुनवाई हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भितरवार, डबरा व ग्वालियर ग्रामीण के एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई से जुड़े। साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों की सुनवाई भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जन-सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एसडीएम डबरा व भितरवार से चर्चा कर उस क्षेत्र के लोगों की जमीन संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया। साथ ही जमीन संबंधी अन्य प्रकरणों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में मदद की आस में पहुँचे अत्यंत जरूरतमंदों को कलेक्टर श्रीमती चौहान ने रेडक्रॉस से आर्थिक मदद दिलाई। साथ ही एक जरूरतमंद के लिये साइकिल का इंतजाम भी कराया। जन-सुनवाई में पहुँचे 220 आवेदकों में से 131 आवेदन दर्ज किए गए। शेष आवेदन समय-सीमा में निराकृत करने के लिये सीधे ही संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सौंपे गए। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में कलेक्टर श्रीमती चौहान, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार व टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

## संपादकीय

# प्रतिबंध मुक्त संघ

केंद्र की राजग सरकार ने एक आदेश के जरिये सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा लिया है। जिसको लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। वहीं संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। यह भी कि वर्तमान सरकार का निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है। वहीं राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद संघ व सरकार के बीच मनमुटाव की जो खबरें आ रही थीं, हालिया फैसले को सरकार की संघ से उसी तल्खी को दूर करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। जिससे जनमानस में यह संदेश दिया जा सके कि भाजपा व संघ में किसी प्रकार का मनभेद व मतभेद नहीं है। वहीं संघ दावा करता है कि इस कदम से देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। दरअसल, हाल के दिनों में संघ की तरफ से जो बयान सामने आ रहे थे, उससे लग रहा था कि भाजपा व संघ के रिश्ते खराब दौर से गुजर रहे हैं। संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने तो कहा था कि भगवान राम ने एक अहंकारी पार्टी को रोका है, जो रामभक्त होने का दावा करती है। यहां तक कि संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखा गया था कि भाजपा कार्यकर्ताओं के अति उत्साह के चलते पार्टी के जनाधार में गिरावट आई है। साथ ही संघ प्रमुख ने बिना नाम लिये पार्टी नेतृत्व के सुपरमैन व भगवान समझने की महत्वाकांक्षा का जिक्र किया था। इन बयानों को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि संघ का भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मोहभंग हो गया है। ऐसे में जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अगले साल शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है, भाजपा का यह कदम दोनों के बीच रिश्ते सामान्य करने की दिशा में उठाया गया कदम कहा जा रहा है। बहरहाल, केंद्र के इस फैसले के बाद कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। पार्टी ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में आरएसएस पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था। दरअसल, 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। आरएसएस व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी। जिसके बाद इंदिरा गांधी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश समेत कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था लेकिन केंद्र सरकार के स्तर पर यह प्रतिबंध वैध बना हुआ था। इसी मामले को लेकर इंदौर की एक अदालत में वाद चल रहा था, जिसमें अदालत ने इस बाबत केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। फिर केंद्र ने एक आदेश जारी कर प्रतिबंध को खत्म करने की घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि प्रतिबंध हटाने का केंद्र का फैसला राष्ट्रहित से परे राजनीति से प्रेरित संघ के तुष्टीकरण का फैसला है। वहीं अन्य राजनीतिक दलों का भी मानना है कि सरकारी कर्मचारियों को संविधान और कानून के दायरे में रहकर निष्पक्षता के साथ जनहित और जनकल्याण के लिए काम करना जरूरी होता है। कहा जा रहा है कि सरकार का फैसला धर्मनिरपेक्षता की दृष्टि से उचित नहीं है क्योंकि इससे कर्मचारियों की तटस्थता प्रभावित होती है।

# जनता दरबार में विधायक उमाकांत शर्मा ने सुनी आमजन की समस्याएं

### समस्या निवारण शिविर में वन विभाग के रेंजरों के अनुपस्थित रहने पर भड़के विधायक, डीफओ को लगाई फटकार

**विनोद कुशवाह**

**लटेरी** सिरोंज-लटेरी विधायक उमाकांत शर्मा ने सोमवार को आम लोगों की समस्याएं सुनने के लिए लटेरी स्थित चौरसिया पैलेस में जनता दरबार लगाया। इस जन समस्या निवारण शिविर में विधायक ने ग्रामीणों एवं नागरिकों की समस्याऐं सुनकर उनके निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए शिविर में राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, नगर परिषद, वन विभाग, पीएचई विभाग, एवं अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए जिसमें विधायक ने सभी आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष पहुंचकर उनकी समीक्षा की जन समस्या निवारण शिविर में वन विभाग की ओर से उत्तर एवं दक्षिण रेंज के परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन विकास निगम के रेंजर मौजूद नहीं रहे जिस पर कड़ी प्रतिक्रिया लेते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने डीएफओ ओमकार सिंह मर्सकोले को जमकर फटकार लगाई आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने राजस्व विभाग, पुलिस विभाग,जनपद पंचायत, पीएचई विभाग,नगर परिषद के अधिकारियों को सही जानकारी न देने पर जमकर फटकार लगाई जन समस्या शिविर लटेरी के विभाग के अधिकारी अपने विभाग की सही जानकारी विधायक उमाकांत शर्मा को नहीं बता पाए और मध्यप्रदेश सरकार की कई योजनाओं की जानकारी विभाग के अधिकारियों को न होने से विधायक उमाकांत शर्मा असंतुष्ट दिखे।



# एक पेड़ माँ के नाम किया पौधा रोपण

**दिनेश मंडोवरा**

**नागदा ( चम्बल नवराष्ट्र )** सावन के पहले सोमवार को किया पौधा रोपण भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के तत्वधान में माँ दुर्गा मंदिर परिसर में पौधरोपण का कार्य किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह यादव एवं भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के उज्जैन जिला अध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा के तत्वधान मे माँ दुर्गा मंदिर परिसर रेल्वे कॉलोनी नागदा में पीपल नीम एवं अन्य छायादार पौधों को रोपित किया गया एवं प्रण लिया गया कि भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट की समस्त टीम द्वारा इस वर्ष 100000 पौधे रोपित किये जायेंगे एवं उनके वृक्ष बनने तक पूरा ध्यान दिया जाएगा तहसील अध्यक्ष जीवन लाल जैन चाय वाले ने कहा कि हमे पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि उसकी देखभाल भी करनी चाहिए जैसे हम अपने बच्चों की देखभाल कर उन्हे बड़ा करते है। बच्चे तो बड़े हो कर मां बाप का साथ दे या न दे पेड़ हमारा ही नहीं बल्कि हमारी पीढ़ी दर पीढ़ी साथ देता है। हमे अपने जीवन में दो से पांच पेड़ जरूर लगाना चाहिए क्यो की इंसान मरता है तो वह एक पेड़ जरूर साथ ले जाता है।पौधा रोपण करने में भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय सुनील सिंह यादव के अलावा उज्जैन जिला अध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा राष्ट्रीय सचिव शिवम तिवारी मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता उज्जैन जिला मंत्री मुकेश मेहरा, नागदा तहसील अध्यक्ष जीवनलाल जैन चायवाले, उज्जैन जिला सदस्य मनोज सांवरिया,नागदा नगर महामंत्री मनोज पोरवाल,नागदा नगर उपाध्यक्ष दर्शन जैन, नागदा नगर मंत्री शिवम राठौर, नागदा सदस्य सतीश बौरासी, स्वयंसेवक संघ से देवेंद्र कुशवाह उपस्थित रहे।



# बालाघाट में तेज बारिश, 2 दिन का अवकाश घोषित, मंदिर में फंसे बुजुर्ग पुजारी का रेस्क्यू

**बालाघाट ( चम्बल नवराष्ट्र )।** बालाघाट जिले भी तेज बारिश का दौर जारी है। इस दौरान मंगलवार सुबह लामता थाना के संगम घाट के शिव मंदिर में फंसे वृद्ध पुजारी तोपराम बोपचे को एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने बचा लिया। पुजारी तोपराम बोपचे कल सोमवार को सुबह बैनगंगा तट के शिव मंदिर में पूजा करने गए थे। इसी दौरान भीमगढ़ बांध से पानी छोड़ दिया गया। बैनगंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण वृद्ध पुजारी मंदिर में फंस गए। वह रातभर मंदिर में ही फंसे रहे ।



### एसडीआरएफ ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना सूचना कंट्रोल रूम को दी। पुलिस प्रशासन ने अपनी फोर्स के साथ ही एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम को इस काम में लगाया। रेस्क्यू ऑपरेशन कर वृद्ध पुजारी की जान बचा ली गई। पुलिस प्रशासन व एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार सुबह राघो टोला पहुंचकर बैनगंगा के संगम घाट में बढ़ते जल स्तर का जायजा लेकर रेस्क्यू ऑपेशन चलाया। 82 वर्षीय वृद्ध पुजारी तोपराम बोपचे को संगम घाट से सकुशल निकाला गया।

### कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कटा

रेस्क्यू ऑपरेशन में लामता उपनिरीक्षक दिलीप नायक व लामता तहसीलदार की मौजूदगी में किया गया। एसडीआरएफ जवानों ने रेस्क्यू चलाकर बुजुर्ग पुजारी को बचा लिया। रेस्क्यू ऑपरेशन टीम के प्रभारी प्लाटून कमांडर श्याम सिंह धुर्वे, एसडीआरएफ आशु मेश्राम,घनश्याम सोनेकर, करन वल्के, फागूलाल नेवारे, सोनू मरकाम, आशीष खरोले, ताम सिंह उइके ने बचाव कार्य में अहम भूमिका निभाई। बता दें कि सोमवार रात से लगातार बारिश से बालाघाट जिले के कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। जिला कलेक्टर ने भारी बारिश को देखते हुए दो दिनों का अवकाश घोषित कर दिया है।

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी प्राकृतिक खेती

**देविंदर शर्मा**



इस सप्ताह में दो घटनाक्रम सामने आये जिनके बारे में मुझे लगता है कि हमें मूल्यांकन करने की जरूरत है। यदि हम कड़ी जोड़ सकें, तो एक वाकया उस आपदा का संकेत देता है जिसका इंतजार है, और दूसरा दुनिया जिस बड़े संकट का सामना कर रही है, उससे निपटने के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान करता है, जिसके आने वाले वर्षों में और भी बदतर होने की संभावना है।

जबकि मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, प्रमुख गेहूं उत्पादक यूरोपीय देश फ्रांस में भारी और लगातार बारिश के कारण फसल को बड़ा नुकसान हुआ है, नीदरलैंड के एक पत्रकार ने मुझे लिखा है कि क्या मौसम में स्पष्ट परिवर्तन किसानों के लिए आर्थिक आपदा बनने जा रहा है। उसकी चिंता हॉलैंड में, जो कुछ वह देखती है, उससे पैदा होती है, जहां बारिश रुकी नहीं है, खेत पानी से लबालब हैं, परिणामस्वरूप खेतों में लगाई आलू की फसल सड़ रही है और सब्जियों के बीज उग नहीं रहे हैं।

इस बीच भारत अभूतपूर्व गर्मी की चपेट में है। जैसे-जैसे सामान्य तापमान बढ़ता जा रहा है, आशंकाएं हैं कि क्या देश आने वाले वर्षों में अपनी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा? कुछ वर्ष पहले गेहूं की कटाई के दौरान गर्मी ने कहर ढहाया था। उसके एक साल बाद, मानसून के मौसम में भी लगभग एक महीने तक बारिश नहीं हुई, धान की खड़ी फसल पर असर पड़ा। यह जानते हुए कि जलवायु परिवर्तन भविष्य में खेल बिगाड़ सकता है, सरकार अति-जागरूक हो रही है, उसने कदम उठाए हैं। इनमें गेहूं और गैर-बासमती निर्यात पर प्रतिबंध लगाना और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना यकीनी बनाने के लिए विभिन्न कृषि वस्तुओं पर स्टॉक सीमा भी लागू करना शामिल है।

जैसा कि डच पत्रकार कहती हैं कि जलवायु परिवर्तन विश्वव्यापी घटना बनने जा रही है जिसके कृषि पर बेहद बड़े प्रभाव होंगे। जबकि उद्योग इसे अपनी क्लाइमेट स्मार्ट प्रौद्योगिकी बेचने के लिए उपयुक्त अवसर के रूप में देखते हैं, जिसकी वे बीते कई साल से मार्केटिंग कर रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या दुनिया ने जलवायु के असर झेलने में समर्थ कृषि के लिए दृष्टिकोण, नीतियों और रणनीतियों पर विचार किया है।

आधी रात को रूठे इंद्रदेव....

# तीन घंटे में पांच इंच बारिश...मूसलाधार बारिश से उफान पर आए नदी नाले.. एक दर्जन गांवों में जमकर मचाई तबाही







## सोते रहे ग्रामीण और घरों में घुस गया नदी का पानी, छत पर रहकर लोगों ने बिताई रात

**राहुल जैन**

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)** मंगलवार की सुबह मुंगावली क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने से आधा दर्जन गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। बहादुरपुर सहित मुंगावली तहसील में सुबह 2 बजे से 5 बजे तक लगभग पांच इंच बारिश हुई। भयंकर बारिश के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए किनारे बसे गदूली, ढुढेर गांव की नदियां अचानक उफान पर आ गई। मंगलवार को तड़के इन नदियों ने गांवों में जमकर कहर बरपाया। सुबह 6 बजे यह नदियां पुल के चार फीट ऊपर बह रही थी। इस दौरान पुल के दोनों तरफ कई घंटे तक जाम के हालात बने रहे। नदी में उफान आने से गदूली, ढुढेर एवं कुकावली के लगभग पांच दर्जन घरों में पानी घुस गया। ग्रामीण को पता ही नहीं चल सका नदी का पानी कब उनके घरों में घुस गया। पानी घुसने से ग्रामीणों के घरों में रखा सामान एवं अनाज खराब हो गया। नदी का जलस्तर इतनी





जल्दी बढ़ गया कि लोगों को संभलने का मौका भी नहीं मिल सका। बारिश के चलते कई कच्चे घर भी धराशाई हो गए। नदियों में आए इस जलजले में लगभग एक दर्जन गांव प्रभावित हुए हैं। इधर नादनखेड़ी गांव में नदी के बहाव में एक ट्रैक्टर के बहने का भी समाचार है। मेकुआ गांव में वाटरशेड के तहत बनाए गए दो स्टॉपडेम फूटने से कई गांवों में उसका पानी भरा गया। और खेतों में खड़ी फसले बर्बाद हो गईं।

### राहत कार्य में जुटा प्रशासन, पुलिस ने पहुंचाई मदद

मूसलाधार बारिश के बाद गदूली नदी में आई बाढ की सूचना मिलते ही बहादुरपुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद के प्रयास शुरू किए। इस दौरान पुलिस के जवानों ने घरों में फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की। सुबह 9 बजे नदी का पानी कम होते ही पुलिस ने जेसीबी बुलाकर रास्ते से कीचड़ साफ करवाकर आवागमन चालू करवाया। इस दौरान मुंगावली एसडीएम भी मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और तहसीलदार एवं आर आई से सर्वे कर तुरंत ही नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए।

इधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गदूली, कुकावली, काछीबरखेड़ा, टीला, नादनखेड़ी, बरधुवाया सहित कई गांवों में सड़कों किनारे बनी पुलियाएं तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया के किनारे मिट्टी खिसकने से सड़क नीचे से खोखली हो गई। प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए क्षतिग्रस्त हुई इन पुलियाओं से आवागमन बंद करवा दिया। बारिश और तेज बहाव के कारण कई जगहों पर सड़कें भी क्षतिग्रस्त होने की खबर है।

### नींद खुली तो पानी में तैर रहा था घर का सामान

गदूली निवासी किशवर खान ने बताया कि रात में बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बाद अचानक तेज बारिश शुरु हो गई। बारिश के चलते हम सभी अपने कमरों में जाकर सो गए। सुबह जब नींद खुली तो कमरे में घुटनों तक पानी भरा हुआ था और सामान पानी में तैर रहा था। इसके बाद बाहर आकर देखा तो चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि पानी में घर में रखा अनाज और खाद खराब हो गए और घर के बाहर रखे ट्रैक्टर और कार भी पूरी तरह डूब गए। जैसे तैसे परिवार के लोगों को बाहर निकालकर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया और नदी के उतरने का इंतजार करने लगे। कई लोगों ने घरों में पानी भर जाने के कारण छतों पर जाकर रात गुजारी। जानकारी के मुताबिक गदूली में निसार मोहम्मद खान, सादिक खान, सईद पटेल, जाकिर खान,महेश रजक, बबलू रजक, फेरन रजक, बली खान,सुरेश ओझा, सिरनाम आदिवासी, समीन खान आदि लोगों के घरों में पानी भरने के समाचार हैं।

### देखते ही देखते डूब गई ट्रैक्टर और गाडियां

नदियों नालों में आए सैलाब ने इंसान के साथ जानवरों को भी नहीं बख्शा। टीला ग्राम में पानी के बहाव में लगभग एक दर्जन मवेशी बह गए। राजमार्ग स्थित गांवों में घरों के सामने खड़ी कारें, ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिलें देखते ही देखते पानी में डूबती दिखाई दी। मूसलाधार बारिश से खेतों में पानी भरने से फसलें तबाह होने की आशंका है। उधर मुंगावली में भी तेज बारिश के चलते बारिश का पानी निचली बस्तियों एवं घरों में भर गया। जिससे लोगों को रात गुजारने के लिए अन्यत्र आसरा ढूंढना पड़ा। मौसम विभाग द्वारा जिले में अगले तीन दिनों में भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

# स्कूल बच्चों को ठूंस-ठूंस ऑटो में बैठाया, यातायात पुलिस ने ऐसे 12 वाहनों के चालान बनाए



**अशोकनगर।** स्कूल के बच्चों को लाने ले जाने के लिए ऑटो सहित अन्य वाहन में क्षमता से ज्यादा स्टूडेंट्स बैठा रहे हैं। ऐसे ही वाहनों की मंगलवार को यातायात पुलिस ने चैकिंग की। जिसमें मुस्कान पब्लिक, संस्कृति स्कूल सहित कई स्कूलों के बच्चों को लाने वाले ऑटो में क्षमता से अधिक विद्यार्थी मिले।

यातायात सूबेदार अजीत सिंह संस्कृति स्कूल में सुबह के समय स्कूलों की चैकिंग करने के लिए पहुंचे।ुस्ढ्ढ निरंतर के द्वारा मुस्कान पब्लिक स्कूल में चैकिंग की। उन्होंने देखा की बच्चों को ला रहे ऑटो चालक अपने ऑटो में क्षमता से ज्यादा बच्चों को बैठाकर लाए हैं। बच्चे अपनी गोदी में बैग लिए हुए थे। इस प्रकार के अलग-अलग स्कूलों में अलग-अलग स्थान पर मिले 12 ऑटो पर कार्रवाई की गई है।

सूबेदार अजीत सिंह ने बताया कि सुबह के समय जब स्कूल खुलते हैं उसे समय चेकिंग की गई है। छुट्टी होने के समय भी की जाएगी। आज शाम के समय तक स्कूलों के ऑटो एवं वाहनों की चेक करने की कार्यवाही जारी रहेगी।

सरकार पर भारी शिक्षा के व्यापारी.....

# मुंगावली के निजी स्कूल पर किताबें खरीदने के लिए छात्र को प्रताड़ित करने का आरोप, छात्र के पिता ने एसडीएम से लगाई गुहार

## सरकार के सख्त आदेश के बाद भी नही रुक रही प्राइवेट स्कूल संचालक की मनमानी






**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)** प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए सरकार भले ही कितने प्रयास करे लेकिन शिक्षा का खुलेआम व्यापार करने वाले इन निजी स्कूलों पर इसका कोई असर होता नहीं दिखता। मंगलवार को मुंगावली के एक निजी स्कूल द्वारा मनमानी करने का एक मामला सामने आया है। शहर के स्कूल टीएवी पब्लिक स्कूल में एक छात्र को किताबो के पैसे के लिए न केवल सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित किया गया बल्कि मानसिक रूप भी परेशान किया गया।

मुंगावली निवासी नीरज गोस्वामी ने बताया कि उनका बेटा अथर्व गोस्वामी टीएव्ही पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। स्कूल के सीईओ पुनीत जैन द्वारा मंगलवार को मेरे बेटे को सभी बच्चों के सामने बुलाकर किताबों के पैसे लाने और कंप्यूटर बुक के 900 रुपए लाने के लिए कहा गया। जिस पर मेरे बेटे ने कहा कि आप पापा से पैसे ले लीजिए लेकिन पुनीत जैन द्वारा उसकी कोई बात नहीं सुनकर उसे सबके सामने डांट फटकार लगाई जिससे मेरा बेटा डर गया। इस मामले की शिकायत फरियादी द्वारा जनसुनवाई में एसडीएम के समक्ष की गई है।

### स्कूल द्वारा किताबों की खरीद बिक्री पर सरकार सख्त-

हाल ही में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निजी स्कूल छात्रों पर स्कूल से पुस्तकें खरीदने के लिए दबाव नहीं बना सकते। यदि कोई स्कूल इस तरह से किसी छात्र को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है तो उस पर कार्रवाई निश्चित है।

इस मामले में स्कूल के सीईओ पुनीत जैन द्वारा जिस तरह से छात्र को सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित किया गया है जो कि गलत है। इसके बाबजूद इस तरह की घटना की गई। जबकि नियम यह कहता है की कोई भी विद्यालय छात्र से किसी भी लेनदेन के बारे में कोई दबाव नहीं बना सकता है उसे सीधे छात्र के परिजन से बात करनी होगी है। लेकिन इस मामले में ऐसा कुछ भी नही किया गया और स्कूल संचालक द्वारा सीधा छात्र को टारगेट किया गया जिससे यह प्रतीत होता है की स्कूल को केवल पैसे से मतलब है न की पढ़ाई से जबकि इस मामले में उक्त छात्र के परिजन से बात की जा सकती थी।

### इनका कहना है

नगर के टीएवी स्कूल के खिलाफ आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें किताबो को लेकर दबाव बनाए जाने की बात कही गई है। जिसकी जल्द ही जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

**नरेंद्र सिंह बैस**
**बीईओ मुंगावली**

# कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

## आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। माकिन द्वारा जनसुनवाई में आये नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिये अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्नाव बालाजी निवासी रामसखी विश्वकर्मा ने आवेदन दिया कि मेरे पति की मृत्यु दिनांक 5 /8/ 2010 को घर पर ही गंभीर बीमारी से मृत्यु हो गई थी जिनका आज तक मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना है। कलेक्टर माकिन ने उन्नाव तहसीलदार को मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। ग्राम सालोन ए निवासी विनोद कुशवाहा ने आवेदन दिया कि मुझ प्रार्थी के स्वामित्व का वाहन क्रमांक यूपी 93 सीबी 6397 बोलोरो पूल वाहन के रूप में तहसील कार्यालय भाण्डेर को दिनांक 26 दिसंबर 2023 से आबंटित किया गया था जिसका उपयोग तहसीलदार भाण्डेर द्वारा किया जा रहा है जो कि वाहन का किराया माह जनवरी और फरवरी माह का भुगतान किया गया था उसके बाद मेरे वाहन का आज दिनांक तक कोई भुगतान नहीं किया। कलेक्टर ने जांच करवा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

इसीक्रम में जयेन्द्र सिंह गुर्जर ग्राम अकोला ने आवेदन दिया कि सरकारी संस्था प्रभारी अकोला प्रबंधक सुरेंद्र सिंह दांगी द्वारा किसानों को खाद का वितरण नहीं किया जा रहा है जिससे किसान धान की फसल में खाद नहीं दे पा रहे हैं इस पर कलेक्टर ने जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

टका खुर्द निवासी रघुवर सिंह ने आवेदन दिया कि सर्वे नंबर 218 का सीमांकन करने हेतु तहसीलदार बड़ौनी को दिनांक 16 5.2024 को आवेदन पत्र दिया था जिसमें आरआई व पटवारी द्वारा सीमांकन के दौरान दूसरे व्यक्तियों के खेत में जमीन निकली जिस पर वह कब्जा कर खेती कर रहे थे उक्त लोगों से जमीन दिलाने की कृपा करें। इस पर तहसीलदार को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। दतिया वार्ड क्रमांक 34 निवासी बाबूलाल पुत्र हरदास अहिरवार ने आवेदन दिया कि मेरा गरीबी रेखा का कार्ड नहीं दिया जा रहा है कार्ड दो माह पूर्व में ही बना दिया गया था लेकिन अभी तक मुझे नहीं दिया जा रहा है। दतिया सीएमओ तत्काल संबंधित को कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम परासरी निवासी नरेश कुमार अहिरवार ने आवेदन दिया कि स्वयं की भूमि पर सत्र 2021-22 में कुआ का निर्माण कराए जाने के संबंध में पंचायत के माध्यम से आवेदन देकर कार्य कराया जा रहा था जिसके तहत मैंने अपनी स्वयं की राशि से कुआं का निर्माण कराया गया। किंतु पंचायत सचिव एवं सरपंच के द्वारा मुझे प्रार्थी को कुआं के कार्य की राशि आज दिनांक तक भुगतान नहीं की गई है। इस पर जनपद सीईओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार अन्य मामलों में कलेक्टर व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान सभी अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## लावारिस 20 ट्रॉली रेत जप्त

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार सत्त कार्यवाही जारी है। इसीक्रम में आज खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें जिसमें खनिज अधिकारी दतिया, नायब तहसीलदार इन्दरगढ़ के द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर ग्राम उचाड़ में शिवजी मंदिर के पास शासकीय भूमि पर लावारिस अवैध रूप से 20 ट्रॉली रेत का भण्डारण जप्त किया गया। जिसकी मात्र 80 घनमीटर है। उक्त रेत को म.प्र. गौण खनिल नियम 2019 के तहत् राजसात किया जायेगा। जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर इसी प्रकार की कार्यवाही सत्त रूप से जारी रहेगी।

# स्कूल के विद्यार्थियों को थाने की कार्यप्रणाली से रूबरू कराया



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर की उपयोगिता और किसी भी शिकायत का त्वरित पंजीकरण व पुलिस द्वारा जांच करने के तौर तरीकों से अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक दतिया वीरेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत थाना जिगना, थाना पण्डोखर, थाना भगुवापुरा पुलिस द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को थाना परिसर का भ्रमण करा कर, पुलिस की कार्यप्रणाली को समझाया। विद्यार्थियों साइबर फ्रॉड/अपराधों, CCTNS, रोजनामचा, आपातकालीन नंबरों Dial 100, 112, 1098,1930 आदि के बारे में जानकारी दी, साथ ही नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में विस्तार में समझाया।

## दतिया पुलिस अधीक्षक ने 60 से अधिक सुनी लोगों की फरियाद, दिया कार्रवाई का आश्वासन




**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** दतिया पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई के दौरान 60 से अधिक आवेदकों ने पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा को अपनी समस्याओं से अवगत कराया इस दौरान सिंह ने सभी फरियादियों के आवेदनों को लेकर उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिया गया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संबंधित थाना प्रभारी को निष्पादन के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि जो भी समस्या से संबंधित आवेदन थाने को भेजा गया है। सही तरीके से इसका निष्पादन करते हुए हमें सूचित करें। ताकि जो भी आवेदन दिए हैं। उनका शीघ्र ही निराकरण किया जाए।

# अब गले में गांठ थायराइड कैंसर के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** सर्जरी विभाग में मरीज के गले में थायराइड की गांठ के कैंसर का सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया मरीज़ पिस्ता पत्नि पीतम सिंह उम्र 42 वर्ष गृहणी, निवासी इंदरगढ़ जिनको 15 वर्षो से गले में सूजन एवं पिछले 1 वर्ष से सूजन में दर्द की शिकायत थी, जिसके लिए मरीज़ विगत वर्षों में दतिया एवं झाँसी में जाँच करा चुका था जिसमे थाइरोइड ग्रंथी में कैंसर और लिम्फ नोड में इन्फेक्शन की शंका बतायी गयी। मरीज़ उपरोक्त बीमारी के साथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल दतिया के सर्जरी विभाग में डॉक्टर केदार नाथ आर्य को दिखाया, यहाँ



उपलब्ध जांचो सीटी स्कैन और फ न ए सी में भी मरीज़ को थाइरोइड ग्रंथी के कैंसर (पैपिलरी कार्सिनोमा) एवं गले में गठन की समस्या बताई गयी

मरीज को पहले आयुष्मान भारत योजना में पंजीकृत करवाया गया। डॉ के. एन. आर्य एवं उनकी टीम द्वारा सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर थाइरोइड ग्रंथि और लिंफ नोड को निकाला गया और हिस्टोपैथोलॉजी की जाँच के लिए भेजा गया। इस ऑपरेशन में लगभग दो घंटे का समय लगा सर्जरी टीम मै डॉ के न आर्य , डॉ अवनीश,डॉ सुशील और बेहोशी मै डॉ दिव्या गौतम का योगदान रहा

वर्तमान में मरीज़ पूर्णत: स्वस्थ है और खाना खा रही है और अच्छे से बोल रही है प्राइवेट मै इसका खर्चा 70 से 80 हजार बताया गया था लेकिन दतिया मेडिकल कॉलेज मै आयुष्मान के द्वारा मरीज का नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया।

# विवाद के चलते एक पक्ष ने दूसरे के घर और गाड़ियों में भी की तोड़फोड़, महिलाओं समेत 10 घायल, 33 लोगों पर मामला दर्ज

दतिया। सिनावल थाना क्षेत्र के रावरी गांव में आपसी विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। घटना सोमवार देर रात की है। इसमें महिलाओं समेत 10 लोगों के घायल हुए हैं। कुछ को मामूली चोटें आई है। वहीं 4 लोगों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं मामले में पुलिस ने 11 नामजद और 20 से 22 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर दो-तीन पहले विवाद हुआ था। विवाद अहिरवार और पाल समाज के लोगों में हुआ था। इसी विवाद के चलते पाल पक्ष के लोगों ने सोमवार रात अहिरवार पक्ष पर हमला कर दिया। अब पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

अस्पताल में भर्ती घायल लोगों ने बताया कि, पाल पक्ष के करीब 30 से 35 लोग हथियारों से लैस होकर आए थे। उन्होंने घरों के गेट से तोड़ फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने 10 से 12 राउंड फायर भी किए थे। घरों के बाहर रखी टैक्सी और बाइक में तोड़ फोड़ की। इसके अलावा जब हम लोग बाहर निकले तो लाठी डंडों से मारपीट कर भाग गए।

थाना प्रभारी अरविंद्र भदोरिया ने बताया कि, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मामले में भगवान अहिरवार की शिकायत पर वीरेंद्र पाल, सोनू पाल, साहब सिंह पाल,संतोष पाल, अरविंद्र पाल, पहलाद पाल, अनिल पाल, प्रमोद पाल, धर्मेंद्र पाल और राजू पाल के अलावा 20 से 22 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

# रंजिश के चलते युवक से की गाली गलौज बाइक में लगाई आग, मामला दर्ज



**दतिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत दांतरे की नारिया में आपसी रंजिश में एक व्यक्ति ने बाइक को आग लगा दी। बाइक मालिक ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। घटना सोमवार रात साढ़े 8 बजे की है। शकायत में दांतरे की नारिया निवासी सोहेल मंसूरी ने बताया है कि, वह मजदूरी का काम करता है। रात में वह अपने घर पहुंचा और घर के बाहर बाइक खड़ी कर पास में एक मैदान में जाकर बैठ गया। तभी पड़ोस में रहने वाला आरोपी सोहिल आया और गाली गलौज कर झूमा झटकी करने लगा। वह दौड़कर अपने घर पहुंचा और गेट बंद कर लिए। वहीं आरोपी भी पीछा कर घर पहुंचा और जोर जोर से गाली गलौज करने लगा। इस के बाद उसने घर के बाहर रखी बाइक में आग लगा दी। और मौके से भाग निकला। पड़ोसियों ने बाइक में लगी आग बुझाई। मामले में पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बालाजी मंदिर प्रांगण में हुआ रुद्राभिषेक, भजन कीर्तन व शिवार्चन के कार्यक्रम हुए

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** भगवान भास्कर की नगरी उनाव में श्रावण मास की शुरुआत द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन की झांकी लगाकर व रुद्राभिषेक कर की गई। कार्यक्रम सूर्य मंदिर के मुख्य प्रांगण में आयोजित किया गया। सावन मास की शुरुआत बालाजी मंदिर पर द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक कर की गई जिसमें बनारस के प्रख्यात धर्माचार्य विमलदास महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक मनीष चतुर्वेदी द्वारा विद्वान आचार्यों की मौजूदगी में बैदिक बिधि विधान से द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकियों का दूध,दही,घी,शहद व गंगाजल से अभिषेक कराया गया।जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम में बनारस से पधारे मुख्य धर्माचार्य विमलदास महाराज ने बताया कि भगवान भोले शंकर कल्याण के देवता है।सावन के मास में उनकी पूजा अर्चना करने से गृहस्थ जीवन



मे सुख शांति व खुशहाली प्राप्त होती है।हमे भगवान शिव की आराधना अवश्य करनी चाहिए।उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंग के महत्व की कथा भी श्रद्धालुओं को सुनाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जयेंद्र पंडा,श्याम पंडा,अजीत तिवारी,नवीन चौधरी, अंकित पंडा,अटलबिहारी पटेरिया,अनूप तिवारी,राजू पंडा,अन्नू पंडा, रामाधार पंडा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# भजन गाते-गाते गोपाल कृष्ण महाराज को आया हार्ट अटैक, बैठे- बैठे चली गई जान





**उज्जैन( चम्बल नवराष्ट्र )** । धार्मिक नगरी उज्जैन के दमदमा में श्रीमद् भागवत कथा, शिव महापुराण व अन्य धार्मिक आयोजनों के माध्यम से पंडित गोपाल कृष्ण महाराज ने अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। उज्जैन के साथ ही महाराज जी धीरे-धीरे प्रदेश के अन्य नगरों में भागवत कथा करते हुए प्रभु की भक्ति में रमे रहे, लेकिन गुरु पूर्णिमा पर प्रभु की भक्ति के दौरान अचानक भागवताचार्य पंडित गोपाल कृष्ण महाराज को भगवान का अंतिम बुलावा आ गया।भगवान का ये बुलावा इतने चुपके से आया कि कोई भी कुछ समझ ही नहीं पाया। महाराज जी भागवत कथा के दौरान मीठे रस से भरियो राधा रानी का भजन गा रहे थे, तभी अचानक उन्हें हार्ट अटैक आया और उन्होंने व्यास की गादी पर ही अपने प्राण त्याग दिए। उनके प्राण त्यागने के बाद हर कोई हैरान था। भगवान की पूजा और भक्ति में लीन रहते हुए ही महाराज जी की मौत हो गई। भगवान के भक्त भगवत भजन करते-करते ही भगवान को प्यारे हो गए।

**अभ्यास की बात सुनाते-सुनाते हुई मौत-** दमदमा के रहने वाले पंडित गोपाल कृष्ण महाराज राजगढ़ में स्थित अपने गुरु जी के समाधि स्थल पर श्रीमद् भागवत कथा करने गए हुए थे। आंजना समाज और श्री सद्गुरु सेवा समिति की तरफ से एक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था। पंडित गोपाल कृष्ण महाराज भक्तों को भगवान की कथा सुना रहे थे। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान महाराज जी की मौत उस समय हो गई, जब महाराज जी भक्तों को करत करत अभ्यास से जड़मति होत सुजान की बात कहते हुए यह समझा रहे थे कि अभ्यास करने से कोई भी कार्य चाहे वह कितना भी कठिन क्यों ना हो एक दिन हमारे लिए सरल जरूर हो जाता है।

इन प्रवचनों के बाद महाराज जी ने भक्तों को मीठे रस से भरियो राधा रानी का भजन सुनाया। इस पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर नृत्य करने लगे। महाराज जी इस भजन को गा रहे थे तब श्रद्धालु भी भगवान की भक्ति में लीन थे। लेकिन तभी अचानक भजन गाते-गाते महाराज जी ने बोलना बंद कर दिया। अचानक अचेत अवस्था में चले गए। श्रीमद् भागवत कथा देख रहे श्रद्धालु तुरंत पंडित जी के पास पहुंचे और उन्हें व्यास गादी से नीचे उतरकर तुरंत अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने बताया कि हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई।

**उज्जैन में हुआ अंतिम संस्कार-** गुरुजी के समाधि स्थल यानी कि राजगढ़ पर पंडित गोपाल कृष्ण महाराज की मौत हार्ट अटैक से हो गई थी। उनके निवास स्थान दमदमा उज्जैन पर लाया गया। उनकी अंतिम यात्रा नगर भर में निकालकर चक्रतीर्थ ले जा गई। उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में महाराज श्री के अनुयायी शामिल हुए, जिन्होंने महाराज जी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# मंत्री चेतन्य काश्यप से गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का आग्रह



राकेश पांचाल

**रतलाम ( चम्बल नवराष्ट्र )** । सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप से वल्लभ भवन, मंत्रालय में गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से वेट और जीएसटी के अंतर की लम्बित प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में एग्बीशन सेंटर के अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा कराने और स्ट्रीट लाईट एवं ड्रेनेज की जर्जर व्यवस्था को शीघ्र ठीक कराने का आग्रह किया। मंत्री श्री काश्यप ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वे समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगें। प्रतिनिधि मंडल में एसोसिएशन अध्यक्ष विजय गौर, योगेश गोयल, मदनलाल गुर्जर, सुनील खाब्या और पंकज बिंद्रा आदि सदस्य शामिल थे।

# संस्कृत को संस्कृत माध्यम से पढ़ाने से की आवश्यकता है- श्रीश देव, पुजारी

**सम्पूर्ण विश्व में संस्कृत को पढ़ाने का कार्य संस्कृत विश्वविद्यालय तथा संस्कृत संगठनों द्वारा किया जा रहा है प्रो. विजय कुमार सीजी**






रविन्द्र राणावत

**उज्जैन।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन में संस्कृत भारती मालवा प्रांत के द्वारा 23 जुलाई 2024 को संस्कृत शिक्षण विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में श्रीश देव, पुजारी अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख, संस्कृत भारती ,नई दिल्ली ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में संस्कृत की भूमिका तथा संस्कृत में संभावना विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने आचार्यों एवं दायित्ववान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संस्कृत भाषा में अध्यापन की आवश्यकता तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। कुलगुरु प्रो. विजय कुमार सीजी ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व में संस्कृत को पढ़ाने का कार्य संस्कृत विश्वविद्यालय तथा संस्कृत संगठनों द्वारा किया जा रहा है ।तथा शास्त्रों में निहित ज्ञान को सरल संस्कृत के माध्यम से संस्कृत में ही पढ़ाए जाने के लिए निर्धारित रूपरेखा का पालन किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. दिलीप सोनी,संस्कृत भारती महानगर अध्यक्ष, डॉ. अभय तिवारी डॉ. अखिलेशकुमार द्विवेदी ,डॉ. पूजा उपाध्याय, डॉ शुभम शर्मा ,डॉ. उपेंद्र भार्गव, डॉ.संकल्प मिश्र ,डॉ.अनिल मुवेल, डॉ. अजय राठी, डॉ. सुभाष कुमावत,श्री हेमंत पंड्या ,आचार्य, छात्रगण तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आगामी 2 अगस्त को विशेष आईटीआई प्लेसमेंट केंपस

**रतलाम।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सैलाना रोड रतलाम पर आगामी 2 अगस्त को विशेष आईटीआई प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा जिसमें सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कंपनी के हंसलपुर प्लांट के लिए विभिन्न आईटीआई ट्रेड्स के केवल पुरुष आवेदको के लिए लगभग 500 रिक्त पदों पर भरती की जाएगी। भरती के लिए योग्यता 40त्र अंकों के साथ कक्षा दसवीं एवं 50त्र अंकों के साथ आईटीआई प्रशिक्षण उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसमें फीटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनीस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रॉनिक्स, वायरमैन, शीट मेटल, आईटीआई ट्रेड्स उत्तीर्ण आवेदको की भर्ती होगी वेतन 23300 रुपए तथा स्टाइपेंड 17800 अप्रेंटिशिप के लिए बताया गया है।

# आजाद हिंद संगठन द्वारा मनाई गई चंद्रशेखर आजाद जयंती

**याद करो कुर्बानी कार्यक्रम के तहत् किया आज़ाद को नमन्**





**रतलाम ( चम्बल नवराष्ट्र )** । आजाद हिंद संगठन द्वारा शहीद चौक पर क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जयंती याद करो कुर्बानी कार्यक्रम के तहत् मनाई गई । शुरुआत में दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संगठन के संयोजक राकेश पाँचाल ने बताया कि आज के युवा चन्द्रशेखर आजाद की तरह यदि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हो जाऐ तो कोई भी लक्ष्य युवाओं द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। पांचाल ने आजाद के संबोधन में कहा की महान क्रांतिकारी आजाद उन महान क्रांतिकारियों मे से एक है जिनके नाम से अंग्रेज कांपा करते थे। एवं वह एक निर्भीक क्रांतिकारी थे जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। सभी कार्यकर्ताओं ने आजाद को भावपूर्ण पुष्प समर्पित कर जयंती मनाई ।इस अवसर संगठन के प्रवीण दीक्षित, संजय सिंह चौहान, हेमंत तायडे, विजय सिंह पंवार, दशरथ भारती, विजय डॉन, अर्पित उपाध्याय, महेश सोलंकी, प्रकाश बंशीवाल, पुष्कर द्विवेदी, सौरभ गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीएमओ नहीं आए उल्टे इंजीनियर और बाबू के हुए ट्रांसफर

**अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी से नगर पालिका की व्यवस्था बिगड़ी**




**नागदा ( चम्बल नवराष्ट्र )** । नागदा नगरपालिका पहले ही कर्मचारियों कि कमी से जूझ रही थी। इस पर एक इंजीनियर और बाबू का ट्रांसफर होने से आने वाले दिनों में शहर की व्यवस्था और भी प्रभावित होगी।

मुख्यमंत्री के गृह जिले की ए-ग्रेड नागदा नगरपालिका में विगत आठ माह से सीएमओ नहीं है। खाचरौद सीएमओ के पास अतिरिक्त प्रभार है। इसकी वजह से शहर के कार्य खासे प्रभावित हो रहे थे। इसी बीच सोमवार को प्रदेश से जारी स्थानांतरण सूची में इंजीनियर जितेंद्र पटेल का स्थानांतरण नागदा से दमोह हो गया।

नगर पालिका के फिल्टर प्लांट और इलेक्ट्रिक से संबंधित कामों की पूरी जवाबदारी इंजीनियर पटेल के पास ही थी। इंजीनियर पटेल के ट्रांसफर तो हुआ पर इनकी जगह किसी भी इंजीनियर को नागदा में पदस्थ नहीं किया गया।

इसी प्रकार सहायक ग्रेड तीन बाबू चित्रम शर्मा का भी तबादला हो गया उनकी जगह भी किसी को नहीं भेजा गया। बाबू चित्रम शर्मा संबल योजना का पूरा काम संभाले हुए थे। इसके अतिरिक्त लोकनिर्माण और स्थापना का काम भी देख रहे थे। मध्यप्रदेश के कई जिलो से बड़े नागदा शहर की जिम्मेदारी अब सिर्फ दो इंजीनियरों निलेश पंचोली और श्रष्टि गुप्ता के भरोसे रह गई है।

**नपा में अब सिर्फ दो इंजीनियर-** नगर पालिका जलकार्य सभापति प्रकाश जैन ने कर्मचारियों की कमी से पहले ही जूझने की बात कहते हुए बताया कि एक इंजीनियर और एक कर्मचारी के जाने से नगरपालिका के काम पर प्रभाव पड़ेगा। पहले तीन इंजीनियर थे अब दो ही रह जाएंगे। फिल्टर प्लांट और इलेक्ट्रिक संबंधी नगरपालिका के कार्यों की पूरी जिम्मेदारी जितेंद्र पटेल इंजीनियर की ही थी।

**जनप्रतिनिधियों को दी जानकारी-** मामले में नगरपालिका अध्यक्ष संतोष गहलोत ने कहा कि हमारे वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान, सांसद अनिल फिरोजिया और राज्यपाल डॉ थावरचंद गेहलोत को पूरे मामले से अवगत कराया है। उन्होंने जल्द ही उच्च स्तर पर बात कर समस्या का समाधान करने का कहा है। विगत दिनों नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को भी पत्र लिखा है।

# स्वावलंबन, भारतीय गांव की मुख्य शक्ति और विशेषता : सीएम डॉ यादव

## गौ-माता की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी राशि, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्यप्रदेश पर तीन दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वावलंबन ही भारतीय गांव की मुख्य शक्ति और उनकी विशेषता रही है। हजारों साल की गुलामी के बावजूद भारतीय समाज ने अपने सांस्कृतिक स्वरूप और मूल्यों को गांवों के स्वावलंबन के बल पर ही अक्षुण्य बनाए रखा है। आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्यप्रदेश विषय पर संगोष्ठी, पंचायतों और ग्रामों को आर्थिक रूप से अधिक सशक्त और विकास परक बनाने में प्रभावी रूप से सहायक होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्य प्रदेश विषय पर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, पशुपाल राज्य मंत्री लखन पटेल एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह तथा अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे।

**हर घर में जल और हर खेत में सिंचाई के लिए हो रहे हैं विशेष प्रयास**-मुख्यमंत्री ने श्रावण मास में आरंभ हुई तीन दिवसीय कार्यशाला में महाकाल बाबा के जयघोष के साथ अपना संबोधन आरंभ करते हुए कहा कि भारतीय गाँव अनुशासित, संयमित और परम्परा व मूल्यों के अनुसार जीवन जीने के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वावलंबी ग्राम की व्यवस्था को सशक्त करने के प्रयासों से ग्रामीण जीवन अधिक




सुविधाजनक हो रहा है और ग्रामीणों को प्रगति के भी पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हर घर में नल से जल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन संचालित है तथा हर खेत में सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था के उद्देश्य से स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार पूरे प्रदेश में प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में नर्मदा घाटी विकास के परिणाम सबके सामने हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश को 45-45 हजार करोड़ रूपए उपलब्ध कराए गए हैं। कालीसिंध-पार्वती और चंबल लिंक परियोजना की गतिविधियां आरंभ हो रही हैं। प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ने से किसानों का भी आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है।

**दस से अधिक गाय पालने वालों को मिलेगा अनुदान०**डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधार खेती के साथ-साथ पशुपालन को भी राज्य सरकार विशेष महत्व दे रही है। वृद्ध, अस्वस्थ, अपाहिज व असहाय गायों को पालने के लिए राज्य सरकार द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। कांजी हाऊसों को गौ-शाला के रूप में विकसित किया जाएगा और ऐसी गायों की व्यवस्था कांजी हाऊस में की जाएगी। गायों पर दिए जाने वाले अनुदान की राशि में भी वृद्धि की गई है, जो किसान 10 से अधिक गाय पालेंगे, उन्हें अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही फसलों के समान दूध पर बोनस उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी आरंभ की जाएगी। गौ-माता की संवदेनशीलता और आत्मीयता अद्भुत है, गौ-पालन को प्रोत्साहन देने के लिए भी राज्य शासन द्वारा विशेष नीति बनाई जा रही है।

**प्रदेश में आयुर्वेदिक केन्द्र विकसित किए जाएंगे**-मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर है, यहाँ आयुर्वेदिक औषधियों की भी भरपूर सम्पदा है। प्रदेश में आयुर्वेदिक केन्द्र भी विकसित किए जाएंगे। प्रदेश में लघु, कुटीर उद्योग तथा बहनों के स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने व आय में वृद्धि के लिए हरसंभव व्यवस्था की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप किसान, महिला, युवा और गरीब को जोड़ते हुए, उन्हें सशक्त बनाते हुए मध्यप्रदेश आगे बढ़ेगा, पंचायतें भी आत्मनिर्भर होंगी और प्रदेश की समृद्धि को बढ़ाएंगी।

# भोपाल के कोलार एसडीएम- तहसील ऑफिस पहुंचे कमिश्नर, अलमारी में रखी फाइल देखी

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** भोपाल कमिश्नर डॉ. पवन कुमार शर्मा मंगलवार दोपहर में अचानक कोलार एसडीएम और तहसील ऑफिस पहुंच गए। उन्होंने अलमारी में रखी फाइल देखी, जबकि सुहागपुर गांव में पहुंचकर पटवारी से ई-केवायसी की प्रोसेस को समझा। राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत कमिश्नर डॉ. शर्मा कोलार एसडीएम और तहसील ऑफिस पहुंचे थे। उनके साथ कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह भी थे। कमिश्नर ने राजस्व अभियान के तहत चल रहे राजस्व कार्यों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने पेंडिंग प्रकरण निपटाने पर जोर दिया। कहा कि



अभियान में ज्यादा से ज्यादा प्रकरण निपटाए जाए।

### राजस्व रिकॉर्ड भी देखा

कमिश्नर ने एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट और पटवारी कक्ष का निरीक्षण किया। अलमारियों में रखें राजस्व रिकॉर्ड को भी देखा। यहां अपने कामों से पहुंचे लोगों से भी चर्चा की। इसके बाद कमिश्नर और कलेक्टर ग्राम सुहागपुर पहुंचे। यहां पटवारी के साथ कम्प्यूटर पर बैठकर ई-केवायसी की प्रोसेस को समझा। वहीं, किसानों से भी चर्चा की।

# भोपाल में 30 हजार सरपंचों का हल्ला बोल, बीच सड़क पर किया विरोध प्रदर्शन, कल से सभी पंचायत में होगी तालाबंदी

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रदेशभर के सरपंचों ने हल्ला बोल दिया है। एक जुलाई को मनरेगा के नए प्रावधान को लेकर जारी हुए आदेश के विरोध में सरपंच सड़क पर उतर आए हैं।

पंचायत राज अधिनियम के प्रावधान लागू कराने सहित 19 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को बीच सड़क पर बैठकर 30 हजार से ज्यादा पंच-सरपंचों ने विरोध किया। सीएम हाउस घेरने पहुंचे पंच-सरपंच सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की जिद पर धरना दे रहे हैं।

**कल से सभी पंचायतों में तालाबंदी**-मुख्यमंत्री निवास घेरने आए पंच-सरपंचों का कहना है कि प्रशासन



को मालूम था कि 30 हजार से ज्यादा पंच-सरपंच मंगलवार को आने वाले हैं। इसके बाद भी यहां पानी तक की व्यवस्था नहीं की गई। हमारा अपमान हो रहा है। कल से सभी पंचायतों में तालाबंदी रहेगी।

**मंत्री प्रहलाद पहुंचे मनाने**-बता दें कि मंगलवार को सुबह सभी पंच-सरपंच अंबेडकर मैदान में जमा हुए। पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल उन्हें मनाने पहुंचे थे। सरपंचों ने सभी 52 जिलों से एक-एक प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए जाने की अनुमति मांगी। पुलिस ने मना कर दिया। पुलिस अफसर ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल में पांच या 10 लोग ही बातचीत के लिए जाते हैं। उससे ज्यादा यदि आप लोग जाने की कोशिश करेंगे तो जो परमिशन मिली है वह भी रद्द हो जाएगी।

**कैबिनेट बैठक......**

# मोहन यादव का ऐलान लाड़ली बहना चेक करती रहें अकाउंट बरसेगा धन, मिलेगा सावन राखी गिफ्ट

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** रक्षाबंधन के मौके पर सीएम डॉ मोहन यादव प्रदेश की लाड़ली बहनों को सौगात देने जा रहे हैं। कैबिनेट की बैठक में उन्होने इस सौगात का एलान किया। डॉ मोहन यादव ने घोषणा की है कि लाड़ली बहनों के खाते में आने वाली एक तारीख को 250 रुपए अतिरिक्त भेजे जाएंगे। जिसके बाद यह राशि बढ़कर 1500 रुपए हो जाएगी। सावन महीने में ये सरकार की ओर से लाड़ली बहनों को सौगात होगी। कैबिनेट में फैसला ये भी लिया गया है कि सारे जनप्रतिनिधि लाड़ली बहनों से राखी बंधवाएंगे।

**मोहन यादव की लाड़ली बहनों को राखी गिफ्ट**-भोपाल में हुई कैबिनेट की बैठक में सीएम डॉ मोहन यादव ने रक्षाबंधन के पहले बहनों को सौगात देने



का फैसला लिया है। कैबिनेट में निर्णय लिया गया है कि सावन महीने की पहली तारीख यानि आने वाली एक अगस्त को लाड़ली बहनों के खाते में 250 रुपए की धनराशि अतिरिक्त रुप से डाली जाएगी। सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि सावन महीने का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। सावन माह में प्रत्येक लाड़ली बहनों के खाते में आने वाली एक तारीख को ढाई सौ रुपए डाले जाएंगे।

**एक अगस्त को लाड़ली बहनों के खाते में आएंगे 250 रुपये**-लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जो सावन महीने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। उसके बाद एक अगस्त को लाड़ली बहनों के खाते में अतिरिक्त 250 रुपए की राशि भेजी जाएगी। इसके पहले उनके खाते में जो 1250 आ रहे हैं, वो यथावत रहेंगे। दोनों राशि को मिलाकर इस बार लाड़ली बहनों के खाते में 1500 रुपए आएंगे, जिसमें 1250 पूर्व की राशि और 250 रुपए राखी गिफ्ट की राशि होगी।

**सारे जनप्रतिनिधि बंधवाएंगे राखी**-कैबिनेट में ये निर्णय भी लिया गया कि इस रक्षाबंधन पर प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधि अपनी लाड़ली बहनों से राखी बंधवाएंगे। हालांकि पूर्व सीएम और अब केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा कई नेता पहले ही रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों से समारोहपूर्वक राखी बंधवाते आए हैं, लेकिन इस बार कैबिनेट में ये निर्णय लिया गया है।

# मंत्री तुलसी सिलावट की कार का एक्सीडेंट, बाल-बाल बचे

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की कार का भोपाल में तुलसी नगर के नजदीक एक्सीडेंट हो गया। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे हुए हादसे में मंत्री सिलावट को चोट नहीं लगी है। वे दूसरी कार से रवाना हो गए। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के नजदीक पार्क कराया है।

सूत्रों ने बताया कि मंत्री सिलावट की कार का एक्सीडेंट उस वक्त हुआ, जब वह कैबिनेट मीटिंग में शामिल होने बंगले से मंत्रालय के लिए रवाना हुए थे। मंत्री सिलावट की कार जब तुलसी नगर चौराहे पर पहुंची, तभी पांच नंबर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने मंत्री की कार में ड्राइवर साइड से टक्कर मार दी। इससे कार का अगला गेट



अंदर की ओर दब गया। जबकि टक्कर मारने वाली कार का बोनट खुल गया। हालांकि हादसे में किसी को भी चोट नहीं लगी है।

### फॉर्चुनर दो पहियों पर खड़ी हो गई

कार हादसे के बाद तुलसी सिलावट ने कहा -सुबह भगवान ने बचा लिया। इतनी जोर से टक्कर मारी कि फॉर्चुनर दो पहियों पर खड़ी हो गई। बच गए, रिपोर्ट लिखवा दी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)